प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 13.02.2026

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गया

पुलिस अधीक्षक खीरी महोदया द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओ व कार्यालयों का भ्रमण कर अभिलेखों का अवलोकन करते हुए दिए गए अवश्यक दिशा निर्देश



लखीमपुर खीरी, आज दिनांक 13 फरवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग महोदया द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन खीरी के परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों की परेड ड्रिल करायी गई। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी एवं प्रशिक्षु रिक्रूट आरक्षी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदया द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया।तत्पश्चात महोदया द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित समस्त शाखाओ/ कार्यालयों का भ्रमण कर अभिलेखों का अवलोकन करते हुए प्रतिसार निरीक्षक व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदया द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर मेस का निरीक्षण कर भोजनालयो में समस्त मूल भूत सुबिधाओं सहित भोजन की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु निर्देशित

थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, 01.नफर वारण्टी अभियुक्त खुशीराम पुत्र रामचरन को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमती ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी(पश्चिमी) के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज के नेतृत्व में आज दिनांक 13.02.2026 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, मु0नं0 191/2020 अ0सं0 180/2019 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम में 01 नफर वारण्टी अभियुक्त खुशीराम पुत्र राम चरन निवासी नकारा थाना मैगलगंज जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण-

1. खुशीराम पुत्र राम चरन निवासी नकारा थाना मैगलगंज जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

01.उ0नि0 श्री दीनानाथ थाना-मैगलगंज जनपद खीरी

02.का0 रविकान्त यादव थाना-मैगलगंज जनपद खीरी

<u>थाना गौरीफन्टा पुलिस द्वारा, 01.नफर वारण्टी अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र आशाराम को गिरफ्तार किया गया</u>

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमती ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी(पश्चिमी) के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीफन्टा के नेतृत्व में आज दिनांक 13.02.2026 को थाना गौरीफन्टा पुलिस द्वारा, वाद संख्या 3131/11 मु0अ0सं0 1463/10 धारा 414/418/420/424 आई0पी0सी0 में 01 नफर वारण्टी अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र आशाराम नि0 ग्राम छिदिया पूरब थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

<u>गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण-</u>
संदीप कुमार पुत्र आशाराम नि0 ग्राम छिदिया पूरब थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>
01.उ0नि0 वीरप्रताप सिंह थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी
02.उ0नि0 शिवकुमार सिंह थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी
03.कां0 राजीव थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी
04.कां0 विनीत कुमार थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी
05.म0कां0 नाहिद परवीन थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी

<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 20 लीटर अवैध शराब बरामद कर 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया</u>

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमती ख्याति गर्ग के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>20 लीटर अवैध कच्ची शराब</u>** बरामद कर **<u>02 नफर</u>** अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **<u>02 अभियोग</u>** पंजीकृत किये गये